Title: Re: Need to take measures for proliferation of Farmer Producer Organisation in Saran and Siwan districts of Bihar.

श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज): मेरा संसदीय लोकसभा क्षेत्र महाराजगंज, बिहार लगभग पूर्ण रूप से कृषक बाहुल्य क्षेत्र है। छोटे और सीमांत किसान तथा किसान मजदूरों की संस्था मेरे संसदीय क्षेत्र में लगभग 80 से 85 % है। इन किसानों को अपने उत्पाद को बेचने पर उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। साथ ही कृषि के लिए खाद-बीज एवं कीटनाशक दवाइयाँ इत्यादि इन्हें प्राप्त करने में अत्यधिक खर्च करना पड़ता है। इस परिस्थिति में हमारे क्षेत्र के किसान एकतरफा हानि उठाने के लिए मजबूर है। इस तरह ही इन्हें बिचौलियों का भी सहारा लेना पड़ता है, जिनसे इनके उत्पाद सीधा बाजार में नहीं पहुँच पाते है। ऐसी स्थिति में हमारे क्षेत्र के किसानों को मजबूत रूप से बढ़ावा और उनके आय को दुगुना करने हेतु किसान उत्पाद संगठन (FPO) अधिक से अधिक बनाने की आवश्यकता है।

अत: माननीय कृषि मंत्री जी से मेरा आग्रह है कि सारण और सिवान जिलों के किसानों के लिए किसान उत्पादक संगठन अधिक से अधिक बनाया जाये ।